प्रेस विज्ञप्ति/ प्रकाशनार्थ

17 सितम्बर , 2020 गोरखपुर ।

# रक्तदान शिविर का आयोजन।

विश्व के मजबूत दमदार भारत के भाग्यविधाता हम सब के आदर्श प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जन्मदिन सेवा सप्ताह (14 से 20 सितम्बर) के रूप में मनाया जा रहा है इस अवसर पर आज 17 सितम्बर 2020 को रक्तदाताओ ने रक्त दान कर मानवता के क्षेत्र में एक महान सेवा का कार्य किया। ये रक्त दान शिविर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में आयोजित हुआ।

इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने माननीय प्रधानमंत्री जी को शुभकामनाए देते हुए कहा की कहा की रक्तदानअनुकरणीय एवं वंदनीय है युवाओ से रक्तदान के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए नियमित रक्तदान कर मानव सेवा के लिए आह्वाहन किया।बताया की कोई भी स्वस्थ्य ब्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65, हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से ऊपर हो रक्तदान कर सकता है। इसी के साथ उत्कर्ष अग्रवाल , रंजीत सिंह,विशाल कुमार ,रविश कुमार इत्यादि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र , की चैन आदि दिया गया । वैश्विक महामारी कोविड को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंस , हैण्ड सैनिटाइजेशन तथा मास्क इत्यादि के साथ रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण , हीमोग्लोबिन, बी.पी. पल्स , ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई। कार्यक्रम में चिकित्सालय के अधिकारी , चिकित्सक, नगर के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।